# **कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।**

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 30/04/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 29.04.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 119/25 धारा 69/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.04.2025 को उ0नि0 श्री कमलभूषण राय मय हमराह द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 119/25 धारा 69/352/351(3) बीएनएस में नामित बाल अपचारी को रामपुर बाजार थाना खानपुर के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभिरक्षा में लिए गये बाल अपचारी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**बाल अपचारी का नाम पता –**

01 नफर बाल अपचारी

**02. थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.04.2025 को उ0नि0 श्री बासदेव प्रसाद मय हमराह द्वारा वाहन चेकिंग में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त मोहित पुत्र श्यामसुन्दर ग्राम- हिसामपुर (जरौटा) थाना- चन्दवक जनपद- जौनपुर को साईं की तकिया थाना खानपुर से गिरफ्तार किया गया ।जिसके पास मौके से 01 अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ, बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 122/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पताः-</u>**

1. मोहित पुत्र श्यामसुन्दर ग्राम- हिसामपुर (जरौटा) थाना- चन्दवक जनपद- जौनपुर उम्र 24 वर्ष

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

01. मु0अ0सं0 184/24 धारा 8/21 NDPS Act थाना खानपुर जनपद गाजीपुर

02. मु0अ0सं0 122/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खानपुर जनपद गाजीपुर

**<u>बरामदगी-</u>**

01 अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

**<u>03. थाना सुहवल पुलिस टीम द्वारा 25 पाउच ब्ल्यू लाईम अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.04.2025 को उ0नि0 विरेन्द्र राय मय हमराह द्वारा चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति के दौरान गंगा नदी बांध पुराना रेलवे स्टेशन के पास ग्राम ताड़ीघाट से 01 नफर अभियुक्त अरविन्द यादव पुत्र रामअवतार यादव ग्राम बहलोलपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 25 पाउच ब्ल्यू लाईम अवैध देशी शराब प्राप्त की गई। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>**

01. अरविन्द यादव पुत्र रामअवतार यादव ग्राम बहलोलपुर थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र 35 वर्ष

**पुलिस अधीक्षक**<br>**गाजीपुर**